## एक नजर

### पूर्व विधायक ने नए झारखंड विस चुनाव प्रभारी व उप प्रभारी को दी बधाई

**बरही ।** विधान सभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने राज्य में विस चुनाव प्रभारी और उप प्रभारी का मनोनयन कर दिया है. केंद्रीय कृषि मंत्री सह मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान को चुनाव प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हेमन्त विश्व सरमा को उप प्रभारी बनाया है. दोनों नेताओं को झारखंड की जिम्मेवारी सौंपे जाने के केंद्रीय नेतृत्व के फैसले का भाजपा के कद्दावर नेता और बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने स्वागत किया है. उन्होंने बताया कि दोनो भाजपा के वरिष्ठ और अनुभवी नेता है. इनके अनुभव का भाजपा को झारखंड में लाभ मिलेगा. पूर्ण विश्वास है कि आगामी विस चुनाव में भाजपा झारखंड में बेहतर प्रदर्शन करेगी और पूर्ण बहुमत का सरकार बनाएगी. उन्होंने दोनो नव मनोनित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है.

### जेबीकेएसएस की बैठक में ओबीसी प्रखंड कमेटी का गठन

**गोला।** गोला मठवाटांड़ स्थित एसके होटल के सभागार में गत रविवार को जेबीकेएसएस कार्यकर्ताओं की बैठक सोसोकलां पंचायत के उप मुखिया लईक अंसारी की अध्यक्षता में की गई। संचालन डॉ राजेश महतो ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए ओबीसी मोर्चा प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष अशोक कुमार चक्रपाणि, कार्यकारी अध्यक्ष आनंद कुमार महतो, सचिव गोविंद महतो, देवेन्द्र महतो, उपाध्याय संतोष कुमार महथा, रितुलाल महतो, हिरालाल महतो, आशीष महतो, कोषाध्यक्ष कामदेव महतो व देवचरण महतो, प्रवक्ता त्रिभुवन महतो, एसटी मोर्चा के अध्यक्ष संतोष करमाली व सचिव दीपक करमाली, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष इरफान अंसारी, कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी व प्रवक्ता समीर अयुबी चुने गए।

### झारखंड प्रदेश शौण्डिक संघ की बैठक में भवन निर्माण पर हुई चर्चा

**कुजू।** झारखंड प्रदेश शौण्डिक संघ जगेसर पलानी परगना केंद्रीय कमेटी की एक बैठक सोमवार को मरार में हुई।इसमें मरार ग्राम कमेटी व ग्रामीण भी शामिल हुए। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष अनिल प्रसाद व संचालन केंद्रीय महामंत्री कुलदीप प्रसाद ने की। इस दौरान मरार में होने वाले शौण्डिक भवन निर्माण को लेकर चर्चा की गई। भवन निर्माण को लेकर ग्राम कमेटी को एक सप्ताह के अंदर कागजी प्रक्रिया पूरी कर केंद्रीय कमेटी को सौंपने का निर्देश दिया गया। मौके पर कोषाध्यक्ष शंकर प्रसाद, सह केंद्रीय कोषाध्यक्ष संजय प्रसाद, कार्यकारिणी केंद्रीय अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष भीम प्रसाद साहू, पूर्व महामंत्री धनेश्वर प्रसाद, मुखिया संजय प्रसाद, सोनू कुमार साहू, जीतन प्रसाद, लोचन साहू, सचिव बीरबल साहू, उपाध्यक्ष चंदन प्रतीक, संजय कुमार, सहसचिव विनोद प्रसाद साहू, दिलेश्वर साहू समेत काफी संख्या में पदाधिकारी व ग्रामीण शामिल मौजूद थे।

## निर्माणाधीन राधा-कृष्ण मंदिर के शीर्ष पर कलश की हुई स्थापना



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** गुंबद पर कलश स्थापना के लिए दिगवार के निमार्णाधीन राधा - कृष्ण मंदिर में सोमवार को पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस मौके पर यज्ञाचार्य विकास कुमार पांडेय, रोशन कुमार शास्त्री एवं शुभम पांडेय द्वारा विधिवत पूजा -अर्चना संपन्न कराया गया। पूजा के उपरांत कलश स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए उत्साहित महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने अपने इच्छा अनुसार दान पात्र में सहयोग राशि दी। इसके बाद दान राशि को कलश में भरा गया। इसके बाद विधि पूर्वक कलश को मंदिर के शीर्ष पर स्थापित किया गया। इस दौरान समिति के लोगों ने कहा कि मंदिर को भव्य रूप देने का कार्य लगातार जारी है। लगभग 20 से 25 लाख रुपए की लागत से भव्य और आकर्षक मंदिर बनाया जाएगा। इस मौके पर पुण्य प्रकाश, महावीर महतो, सुनील कुमार, अरुण कुमार कुशवाहा, भगवान दास, राजेश कुशवाहा, नरेश महतो, लक्ष्मी नारायण महतो, शंकर महतो, महेश महतो, जितन महतो, बिट्टू कुमार, ईश्वर कुशवाहा मनोज गिरी, द्वारिका प्रसाद भंडारी, नारायण महतो, अजीत कुमार, राजू कुशवाहा, भोला कुशवाहा, दिनेश प्रसाद, मैनेजर, रामकिसुन महतो सहित अन्य उपस्थित थे ।

# ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न, प्रशासन भी रहा अलर्ट



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न पंचायतों ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न हुआ. भीषण गर्मी के कारण प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सुबह 8 बजे तक बकरीद का नमाज अदा कर लिया गया था. बरही में सुबह 6 बजे ईदगाह से प्रारंभ हुए बकरीद का नमाज जो साढ़े सात बजे जामा मस्जिद में नमाज समाप्त हो गयी. इसी क्रम में नमाजियों ने अकीदत से मदीना मस्जिद, मक्का मस्जिद, अक्सा मस्जिद आदि स्थानों पर नमाज अदा किया. बकरीद की नमाज रसोईया धमना, करियातपुर, दुलमहा, धनवार, रानीचुआ, मलकोको, भंडारों, कोयली, देवचंदा आदि स्थानों पर भी शांतपूर्ण पढ़ी गई. इस दौरान प्रशासन पूरी अलर्ट मॉड में दिखा. ईदगाह सहित जामा मस्जिद के पास पुलिस की तैनाती की गई थी. इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार स्वयं इसकी मॉनिटरिंग करते रहे. नमाज के बाद लोगों ने अल्लाह के नाम बकरे की कुर्बानी दी. इस अवसर पर नन्हे मुन्हें बच्चों ने भी नमाज पढ़कर एक दूसरे के गले लगाते हुए एक दूसरे को दुआएं दी. इस अवसर पर होम्यो चिकित्सक डॉ गुलाम हैदर ने बताया कि बकरीद में कुर्बानी का मुख्य उद्देश्य अल्लाह को राजी करना है। कल्याण मोर्चा के 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष मो कयूम अंसारी, समाजसेवी तौकीर रजा, मदरसा रसोईया धमना के मो अख्तर आदि ने बताया कि बकरीद में कुबार्नी का मुख्य उद्देश्य नेकी और अच्छाई की रक्षा करना है।

> कुर्बानी का मुख्य उद्देश्य अल्लाह को राजी करना और उसके कहे वादों को पूरा करना है ताकि खुदा लोगों से राजी हो सके और बंदा उससे राजी हो

## न्यूज बॉक्स

### स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता में बच्चों को प्रोत्साहित करने पहुंचे समाज सेवी मुन्ना सिंह



**हजारीबाग।** झील परिसर में स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता 2024 का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण एवं समाजसेवी मुन्ना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए और बच्चों की हौसला-अफजाई की।आउटडोर एस्केप एकेडमी, हजारीबाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में मुन्ना सिंह का स्वागत, एकेडमी के आयोजक, कोच और पूरी टीम ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया। मुन्ना सिंह ने सभी विजेताओं और उपविजेताओं को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया और उनको खेल के क्षेत्र में मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि आज के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।कार्यक्रम में मुख्य रूप से बबलू सिंह, दिनेश यादव,सुजीत सिंह, विक्की कुमार धान एवं विशाल कुमार की उपस्थिति रही।

### आरोग्यम अस्पताल के विशेष सहयोग से रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन



**हजारीबाग।** विश्व रक्तदान दिवस पर जिले भर में विभिन्न जगहों पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।इसी क्रम में एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया के एजीज के तहत झारखंड राज्य के द्वारा आरोग्यम अस्पताल के विशेष सहयोग से आरोग्यम ब्लड बैंक में एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्‌घाटन आयोजक मंडली के द्वारा किया गया। इसके बाद रक्तदान विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। रक्तदान शिविर में 35 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया।बता दें कि आरोग्यम अस्पताल के ब्लड बैंक द्वारा लगातार रक्तदान शिविर आयोजित कर रक्त संग्रह किया जा रहा है ताकि आने वाले मरीजों तथा थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को रक्त उपलब्ध करवाया जा सकें। मौके पर अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने आयोजक मंडली के इस कार्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्त जीवन का सबसे अमूल्य रत्न है,रक्तदान से बड़ा, कोई दान नहीं होता।

#### शांति व सौहार्द के साथ संपन्न हुआ ईद उल अजहा का त्योहार

### मांगी गई अमन व चैन की दुआ



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में ईद उल अजहा बकरीद का पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया. रजा जामा मस्जिद बरकट्ठा में इमाम मौलाना अताउल रहमान ने सुबह 7.15 बजे बकरीद की नमाज अदा कराई. जिसमें बरकट्ठा के अलावे आस पास के इलाको से बड़ी संख्या में नमाजी शामिल हुए. इमाम ने मौके पर क्षेत्र में अमन-चैन और शांति के लिए दुआएं मांगी. कहा कि बकरीद का पर्व आपसी भाईचारे के साथ सभी गिले शिकवे को भूलकर मिलजुल कर मनाने का पैगाम लेकर आती है. नमाज के बाद लोगो ने एक दुसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी. बकरीद को लेकर मस्जिद को फूलों से आकर्षक ढंग से सजावट किया गया. पर्व के मौके पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, झामुमो पूर्व जिला उपाध्यक्ष यासीन खान, जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रेरणा प्रिया, पूर्व जिप सदस्य दयमंती देवी, अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद, पूर्व प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, दर्शन सोनी ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को बकरीद की शुभकामनाएं दी है. बरकट्ठा के अलावा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सक्रेज, घंघरी, तरबेचवा, मेरमगड्डा, कोनहराखुर्द, शिलाड़ीह, बरवां, जमुआ, बेडोखुर्द, बसरामो, कोनहराकला, बेड़ोकला गांव में भी लोगों ने ईद उल अजहा की नमाज सोमवार को मस्जिदों में अदा किया गया.

### सजदे में झुके हजारों सिर, मांगी शांति की दुआएं



**रामगढ़।** मुस्लिम समुदाय के पवित्र त्योहारों में से एक बकरीद 17 जून को शहर सहित जिलाभर में उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर तय समय के अनुसार ईदगाहों और मस्जिदों में सामुदायिक नमाज अदा की गई। इसके उपरांत लोगों ने एक दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद दी। मालूम हो ईद के 70 दिन बाद ईद-उल-अजहा मनाया जाता है। इस दिन बकरे की कुबार्नी दी जाती है। मुस्मिल समाज के लोगों के लिए बकरीद का त्योहार एक प्रमुख त्योहार है। इस त्योहार को मनाने के पीछे हजरत इब्राहिम के जीवन से जुड़ी एक बड़ी घटना है। ऐसी मान्यता है कि बकरीद के दिन सबसे प्यारी चीज की कुबार्नी दी जाती है। जिले के रामगढ़, चितरपुर, गोला, मांडू, कुजू, पतरातू आदि क्षेत्रों में बकरीद का त्योहार पारंपरिक रीति रिवाज के साथ मनाया गया। इस मौके पर जिले के ईदगाह और मस्जिदों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग नमाज अदा करने पहुंचे। इधर, प्रशासन की ओर से बकरीद को लेकर ईदगाह और मस्जिदों के आसपास पुलिस के जवान तैनात किये गये थे। ताकि त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो।

#### शिवराज को प्रदेश चुनाव प्रभारी व हिमंता विस्वा सरमा बने झारखंड के सह चुनाव प्रभारी

## दोनों नेताओं के अनुभवों का झारखंड भाजपा को मिलेगा लाभ : प्रवीण मेहता



> आगामी विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार का गठन होना तय है

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जे पी नड्डा ने आगामी विधानसभा के चुनाव की तैयारी के लिए चुनाव प्रभारी एवं चुनाव सह प्रभारी की घोषणा कर दी है। आने वाले झारखंड विधान सभा चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा झारखंड प्रदेश के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश चुनाव प्रभारी तथा असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा को प्रदेश सह चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। राष्ट्रीय महामंत्री अरुण कुमार सिंह के हस्ताक्षर से जारी पत्र का उल्लेख करते हुए पार्टी के रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने सोमवार को कहा कि झारखंड प्रदेश के लिए उन दोनों के अनुभव से भारतीय जनता पार्टी का आगामी विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार का गठन होना तय है। इन दोनों के अनुभवों का बीजेपी को लाभ भी मिलेगा। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला परिवार की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश चुनाव प्रभारी और हिमंता विस्वा सरमा को प्रदेश चुनाव सह प्रभारी बनाये जाने पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार, जिला के वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबु, डॉ संजय सिंह, प्रो संजय सिंह, इलारानी पाठक, राजू चतुर्वेदी, बलराम महतो, सरिता ठाकुर, आनंद बेदिया, सतीश मोहन मिश्र, सहदेव ठाकुर, मोहन पांडेय, राजीव जायसवाल, विजय ओझा, सुबोध सिंह सहित जिला के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जगत प्रकाश नड्डा के प्रति आभार जताया है।

#### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, मामला दर्ज, चालक फरार

## बालू विक्रेता सरकारी आदेशों का करें पालन पकड़े जाने पर होगी कार्रवाई : इंस्पेक्टर



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** अवैध बालू की ढुलाई रूकने का नाम नहीं ले रहा है। नदियों से बालू का धड़ल्ले से निकलना जारी है। इसपर पूर्ण रूप से अंकुश नहीं लग पा रहा है। बालू माफिया चोरी-छुपे नदियों से बालू की निकासी जा रखा है। हालांकि पुलिस इस पर कड़ी नजर रख रही है। कुछ इसी तरह का मामला सोमवार को बरही पुलिस ने अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया. ट्रैक्टर न्यू रेलवे कॉलोनी की ओर से बालू लेकर गुजर रहा था. इसी क्रम में गश्ती पुलिस की नजर पड़ी. पुलिस की नजर पड़ते ही चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया. जिसे पुलिस ने जब्त कर थाना लाया. इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि मामले के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर छान बीन किया जा रहा है. ट्रैक्टर बरहीडीह का बताया गया है. उन्होंने बताया कि एनजीटी के तहत राज्य में 10 जून से बालू घाटों से बालू का उठाव पूरी तरह से प्रतिबंधित है. ऐसे में बालू का उत्खनन अवैध है. पकड़े जाने पर नियमसंगत कारवाई की जायेगी. उन्होंने सभी बालू बिक्रेताओं से सरकारी आदेश का पालन करते हुए कानूनी प्रक्रिया से बचने की अपील किया है.

#### मुखिया के प्रयास से लगा एक सौ केवीए का ट्रांसफार्मर

## बिजली, पानी व सड़क उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता में शामिल : प्रियंका



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झुरझुरी पंचायत की मुखिया प्रियंका कुमारी के प्रयास से पंचायत के टांड़पर टोला में 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराया गया। वहीं मुखिया प्रियंका कुमारी एवं वार्ड सदस्या पार्वती देवी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर व फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया । मुखिया ने कहा कि लगभग एक सप्ताह से यहां के ग्रामीण भीषण गर्मी एवम अंधेरे में रहने को विवश थे। उन्होंने बिजली विभाग के एसडीओ सत्यदेव कुमार एवं अन्य अधिकारियों से बात की और खराब ट्रांसफार्मर की जानकारी देते हुए अविलंब उपलब्ध कराने की मांग की। जानकारी मिलते ही विद्युत कार्यपालक अभियंता सत्यदेव कुमार ने तत्काल 100 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली, पानी और सड़क की व्यवस्था दुरुस्त करना हमारी प्राथमिकता में शामिल है। उद्घाटन में वार्ड सदस्या पार्वती देवी, छोटन प्रसाद, पीताम्बर प्रसाद, बबून महतो, बबूनी महतो, शंकर प्रसाद, पप्पू प्रसाद, राहुल प्रसाद, सचिन कुमार, प्रेमचंद महतो, झखर महतो, मुन्ना प्रसाद, गणपत महतो, जेहल महतो, कलवा देवी, गुड़िया देवी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

#### जदयू जिला कमिटी की बैठक संपन्न, कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई चर्चा

## आगामी विस चुनाव में पार्टी को मजबूत कर दमदार वापसी कराएं कार्यकर्ता : सांसद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सोमवार को जनता दल यूनाइटेड की जिला कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय मालवीय मार्ग में जिलाध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कई निर्णय लिए गए,देश राज्य एवं जिला के राजनीतिक स्थिति पर विशेष चर्चा की गई। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में सांसद श्री जायसवाल के नेतृत्व में चहूंमुखी विकास करेगा और आम जन की समस्याओं को सांसद गंभीरता से लेकर इसका निष्पादन करेंगे। बैठक में प्रदेश सचिव ,बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी अर्जुन कुमार मेहता और जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने एक स्वर से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से मांग की है कि पार्टी की मजबूती एवं झारखंड से एनडीए की लोकसभा में दमदार उपस्थिति के लिए झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद खीरू महतो को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिलवाया जाए। साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि हजारीबाग की पांचों विधानसभा में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में मजबूती से जुट जाएं। सांसद खीरू महतो ने कहा कि आगामी विधानसभा में पार्टी का दमदार वापसी कराएं कार्यकर्ता ताकि पार्टी मजबूती की ओर अग्रसर हो। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह, जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर, जिला सचिव भीम मेहता, जिला महासचिव सुरेश कुमार वर्मा, जिला सचिव भुवनेश्वर ठाकुर, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष खुशबू कुमारी, बरकट्ठा से संतोष कुमार सदर प्रखंड अध्यक्ष रामधनी कुशवाहा, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष रघुनंदन महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

> झारखंड से एनडीए की लोकसभा में दमदार उपस्थिति के लिए प्रदेश के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य खीरू महतो को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिलवाया जाए

## आस्था

#### निर्जला एकादशी पर खंडेलवाल युवा संघ ने किया पेयजल व शरबत का वितरण

## भक्तों ने बाबा श्याम का दर्शन कर लगाए जय-जयकार के नारे




**नवीन मेल संवाददात। हजारीबाग** खंडेलवाल युवा संघ के द्वारा सोमवार को पंचमंदिर चौक के समीप निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर प्रचंड गर्मी को देखते हुए जनता जनार्दन के बीच पेयजल एवं शरबत का वितरण किया गया। कार्यक्रम दोपहर करीब 12 बजे से 3 बजे तक निर्बाध चलता रहा। उद्घाटन से पूर्व सभी भक्तों ने बाबा श्याम के जयकारों के साथ बाबा का दर्शन किया। तत्पश्चात कार्यक्रम का उद्घाटन समाज के सदस्यों के द्वारा किया गया। इसके उपरांत राहगीर, रिक्शा चालक, मजदूर तथा आने जाने वाले समस्त जनता जनार्दन के बीच शुद्ध पेयजल एवं शरबत का वितरण किया गया। लगभग 15 सौ से भी अधिक लोगों के बीच वितरण किया गया। मौके पर सचिव दीपक खंडेलवाल ने कहा कि गर्मी के मौसम में और एकादशी के दिन राह चलते को मीठा पानी पिलाने की रीत वर्षों से चल रही है, इसी के निमित्त वितरण किया गया। वहीं उपाध्यक्ष निखिल खंडेलवाल ने कहा कि खंडेलवाल युवा संघ सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता बढ़ चढ़कर सुनिश्चित करेगी। आने वाले दिनों में कई प्रकार के सेवा कार्य तथा धार्मिक कार्य खंडेलवाल युवा संघ के द्वारा आयोजित किए जाएंगे। मौके पर संरक्षक प्रवीण ढोकरिया, उपाध्यक्ष निखिल खंडेलवाल, सचिव दीपक खंडेलवाल, सहसचिव सिद्धार्थ खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष रोहित दुसाध,संगठन विस्तार मंत्री नीरज नाटाणी, विशाल खंडेलवाल, अमित ताम्बी, मेहुल खंडेलवाल, सतीश खंडेलवाल, लोकेंद्र खंडेलवाल, रितेश खंडेलवाल सहित कई लोग मौजूद थे। उक्त जानकारी खंडेलवाल वैश्य पंचायत के मीडिया प्रभारी रितेश खण्डेलवाल ने दिया।

## पतरातू में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की ओर से किया गया योग कार्यक्रम

**पतरातू।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व सप्ताह पतरातू लेक रिसॉर्ट परिसर में सोमवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया गिरजेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुखिया गिरजेश कुमार ने कहा कि परमात्मा की प्रेमपूर्ण स्मृति ही राजयोग है। योग का अर्थ है जोड़। आत्मा का बुद्धि ही परमपिता परमात्मा से जोड़ना ही योग है। जबकि लेक रिसॉर्ट के सरोवर बिहार के सीनियर मैनेजर राहुल रविश ने कहा कि आज मनुष्य की बुद्धि अनेकों से जुड़ी हुई है। अतः भटकती रहती है। आत्मा का संबंध परमात्मा से जोड़ना ही सच्चा योग है। जबकि इंस्टिट्यूट का सॉफ्ट स्किल के डायरेक्टर जगनारायण प्रसाद ने कहा कि यह मानना है कि बुद्धि बहुत चंचल है। जबकि कार्यक्रम में केंद्र संचालिका राज योगिनी ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने आवाहन करते हुए कहा कि हम अपने को स्वस्थ और सुखी बनाने के लिए इस मिशन में अपना कदम बढ़ाएं। कार्यक्रम में राजयोग के अभ्यास से होने वाले फायदे के बारे में भी उन्होंने बताया। उन्होंने कहा कि आत्मा और परमात्मा पिता के बीच संबंध जोड़ने का ही दूसरा नाम है। कार्यक्रम में राज योग के कई सुंदर प्रयोग मेडिटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

> परमात्मा की प्रेमपूर्ण स्मृति ही राजयोग है, योग का अर्थ है जोड़, आत्मा को परमपिता परमात्मा से जोड़ना ही योग है

## एक नजर

### जराकेल पुल पर दुर्घटना में तीन युवक घायल

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के जराकेल पुल में सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बानो मेला देखकर जराकेल निवासी नारायण सिंह संतोष सिंह और रवि बड़ाइक बाइक में जराकेल घर जा रहे थे इसी क्रम में जराकेल में दुर्घटनाग्रस्त हो गये. तथा सभी सड़क पर गिर गये. और तीनों घायल हो गये गांव के ही और लोग ?मेला देखकर लौट रहे ग्रामीणों ने पुल में गिरे युवकों को देखा ग्रामीणों के द्वारा तीन घायल बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया जहां इलाज चल रहा है घटना कैसे हुई इसके बारे में पता नहीं चल पा रहा है पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

### टेंपो पलटने से चालक सहित 2 घायल

**बानो।** बानो थाना के होलगदा में टेम्पु पलटने से चालक सहित दो घायल हो गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार टेम्पु जे एच जीरो सेवन जी 7378 सेतासैया में सवारी उतार कर केवेटांग लौट रहा था.इसी क्रम होलगदा चाटी में अनियंत्रित होकर पलट गया घटना में दोनों घायल हो गये। घायल रूबेन सोरेंग व बालकु टेटे दोनों घायल हो गये। घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दिया 108 एंबुलेंस के माध्यम से दोनों घायल को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया।

### टीबी रोग की पहचान के लिए घर जाकर किया जा रहा है बलगम संग्रह

**सिमडेगा।** टीबी रोगियों की खोज के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा डोर टू डोर जाकर संभावित मरीजों का बलगम लिया जा रहा है। साथ ही बलगम को जांच हेतु लैब में जमा किया जा रहा है। ताकि जिले से टीबी बीमारी का खात्मा हो सके। अभियान के दौरान स्वास्थ्य सहिया घर घर जाकर दो सप्ताह से अधिक दिनों तक खांसी रहने वाले लोगों से सुबह एवं शाम का बलगम संग्रह कर रही है।

### सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन, सिमडेगा में नामांकन प्रारंभ

**सिमडेगा।** प्रिंस चौक मेन रोड सिमडेगा के निकट इंडियन बैंक के ऊपरी मंजिल पर स्थित सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन, सिमडेगा में नए सत्र के लिए नामांकन प्रारंभ हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इस संस्थान में कंप्यूटर की विभिन्न कोर्स जैसे डीसीए, डीटीपी, टैली, एडीसीए, पीजीडीसीए, डीसीटीटी, सी प्लस प्लस, जावा जैसे अनेकों कोर्स कराई जा रहीं। संस्थान के निर्देशक बिपुल कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि हमारी कोशिश हैं विद्यार्थियों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके। आज संस्थान से कंप्यूटर की प्रशिक्षण प्राप्त कर काफी संख्या में विद्यार्थी सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थानों में कार्यरत हैं तथा सैकड़ों विद्यार्थी स्वरोजगार कर अच्छी आय प्राप्त कर रहें।

### अकीदत के साथ नमाज अदा कर मनाया गया ईद उल अजहा पर्व

# एक-दूसरे के गले मिलकर दी बधाई

**संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा जिले भर में पूरी अकीदत के साथ बकरीद का पर्व मनाया गया। शहर के ईदगाह में हजारों की संख्या में इस्लाम धर्मावलंबियों ने सामूहिक रूप से नमाज अदा की। इस दौरान मुफ़्ती इजराफिल ने नमाज अदा कराई नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर बकरीद की बधाई भी दी। ईदगाह में बच्चे भी उत्साह के साथ पहुंचे। इधर बकरीद पर्व को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात करने के साथ-साथ तमाम पुलिस पदाधिकारी भी पूरी तरह ईदगाह के समीप मुस्तैद रहे। एसडीओ सुमन्त तिर्की, एसडीपीओ पवन कुमार, खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, इंस्पेक्टर विनोद पासवान सह समेत जवान मौके पर मौजूद रहे।



### ईद उल अजहा बलिदान का पर्व : मौलाना इसराफिल

**इस्लाम धर्मावलंबियों का कुर्बान का त्योहार ईद उल अजहा का त्योहार मनाया गया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारक बाद दी। इसके पूर्व लोग फजर की नमाज के बाद त्योहार की तैयारी में जुट गए।मौके पर मौलाना मुफ़्ती इसराफिल ने कहा कि ईद उल अजहा हमे अल्लाह के राह में अपनी महबूब चीजों को कुर्बान कर अल्लाह को रजा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुबानी करते समय हमें दिखावा न कर सिर्फ अल्लाह के रजा करने की नियत रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुरबानी अल्लाह के नबी हजरत इब्राहिम अलै की सुन्नत है जो अल्लाह को इतनी पसंद हुई कि अल्लाह ने कुबार्नी कयामत तक आने वाले उम्मत ए मोहम्मदिया में जकात अदा करने वालों पर वाजिब करार कर दिया। यहां तक कि हज के कई अरकान भी हजरत इब्राहिम अलै. के सुन्नतों के बिना पूरा नहीं होता है।**

### अकीदत के साथ मना ईद उल अजहा का त्योहार



**कुरडेग।** सोमवार को कुरडेग में ईद उल अजहा का त्योहार अदब ओ एहतराम से मनाई गई। कुरडेग जामा मस्जिद में सुबह 7:30 बजे मस्जिद के ईमाम मौलाना हसनैन ने नमाज अदा कराई। इस दौरान उन्होंने कहा कि ईद उल अजहा हमें खुदा की राह में कुबार्नी का पैगाम देती है। मैदाने आराफात में हजरत ईब्राहीम अलै नेआज ही के दिन अपने बेटे ह ईस्माईल अलै को खुदा की राह में कुर्बान करने की तैयारी की थी। वह उनका इम्तिहान था हजरत इब्राहीम अलै ने समाज के कल्याण और अल्लाह के हुक्म पर अपने बेटे की कुबार्नी से भी भय नही खाया उनकी नेकी और बड़ा दिल देखकर अल्लाह ने उन्हे अपना पैगम्बर बनाया यह घटना हमें संदेश देती है कि परिवार के वड़ो को समाज के लिए हर स्वार्थ और निजी सुख का त्याग करने से परहेज नही करना चाहिए। उन्होने देश में अमन चैन और देश के सभी लोगों की सलामती की दुआ मांगी नमाज के बाद कुबार्नी की रस्म अदा की गई और लोगो ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकवाद दी सड़को और मुहल्लों में दिन भर चहल पहल रही।

# कार चालक संघ की हुई बैठक संगठन मजबूती पर हुई चर्चा



**संवाददाता। सिमडेगा**

कार चालक संघ की बैठक सोमवार को विद्या बड़ाईक की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में विद्या बड़ाईक ने सभी ड्राइवर भाइयों से अपील करते हुए कहा कि संगठन को मजबूती करना है और साथ ही साथ नशा पान से भी दूर रहना है ताकि किसी भी तरह का दुर्घटना न हो। साथ में बिद्या बड़ाईक ने सभी से चालक मिलकर निर्णय लिया कि समय समय पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को भी कार चालक संगठन के तरफ से सहयोग करना है ।सभी ड्राइवर भाइयों का संगठन के तरफ से आई कार्ड वितरण करने का निर्णय लिया गया ।अगला बैठक 30 जून को को केलाघाघ पर्यटन स्थल में करने का निर्णय लिया गया। पुरे संगठन की ओर से 2 ड्राइवरों को आर्थिक मदद भी किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित सुधीर साहू, कृष्णा मेहर, प्रदीप कुमार राम, शमशेर खान, संजय प्रसाद, करण साहू, राहुल साहू, राजेंद्र साहू ,भीम महतो, श्याम सुंदर बड़ाईक, विद्या बड़ाईक, संदीप सिंह, हरिधन प्रधान रविंद्र नाथ मिश्रा उपस्थित थे।

# बालू का खेल रुकने का नाम नहीं ले रहा, माफिया कर रहे हैं अवैध भंडारण

**संवाददाता। बानो**

एनजीटी के निर्देश पर भले ही बालू उठाव पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया हो लेकिन जिस प्रकार कारोबार चल रहा यह खेल रुकने का नाम नहीं ले रहा लगातार बालू माफिया अवैध बालू का भंडारण कर रहे ज्ञात हो कि एनजीटी ने 10 जून से सभी नदी घाटों से बालू उठाव को बंद करने के निर्देश दिया है ताकि सरकारी राजस्व से लेकर पर्यावरण को क्षति को बचाया जा सके परन्तु बालू माफिया हावी होते जा रहे हैं नदी घाटों से बालू का अवैध उत्खनन जोरों पर चल रहा है। बालू माफियाओं को ना ही प्रशासन का डर, ना की खनन विभाग का डर, बालू माफिया खुलेआम बालू का स्टॉक। कर रहे। आपको बताते चले की बानो प्रखंड के अंतर्गत सोय नदी की किनारे पांच नही, दस नही पचासों ट्रैक्टर से अधिक जंगल के किनारे बालू का स्टॉक कर रखा गया है ताकि बरसात के दिनों में आम जनों को बढ़ी कीमतों में बालू को बेचा जा सके आए दिन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशासन के द्वारा अवैध बालू की धुलाई की रोकथाम लगाने के लिए लागातार कर्रवाई की जा रही। लेकिन बानो प्रखंड की बात करें तो यहां प्रशासन चुप्पी साध कर बैठी हुई है बानो क्षेत्र के देवनदी घाट, बानो पम्प हाउस देवनदी, कनारोवां, केबाटांग इत्यादि बालू घाटों से बालू को अवैध धुलाई की जाती है। कुछ बालू कारोबारी नदियों से बालू उठाओ कर भंडारण करने लगे है। इधर उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने भी कहा है कि जिले में हो रहे अवैध उत्खनन को पूर्ण रूप से रोक लगाना है।



### बानो सोय पंचायत के कई मनरेगा कूप में सामग्री सप्लाई नहीं

# मजबूर लाभुक स्वयं के खर्चे से कर रहे हैं कूप का निर्माण

**संवाददाता। बानो**

राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से विकास के कार्य हो रहे है। बानो प्रखंड क्षेत्र में कुप निर्माण में लापरवाही का मामला देखने को मिल रहा है। लाभुक कूप के खुदाई पूर्ण रूपेण कर तो लिए हैं मगर पटावन के लिए इनको ना ही पत्थर मिला और ना ही ईंट मिला, ना बालू मिला और ना ही सिमेंट मिला। ऐसे में लाभुक इंतजार करते थक जा रहे हैं मानसून भी घुस गई है ऐसे अवस्था में कैसे कूप की होगी निर्माण कब बनेगी लाभूक राजेश सिंह ने बताया कि कुआं पटावन के लिए मुझे किसी भी प्रकार की सामग्री नहीं मिली है। मानसून को देखते हुए कुआं धंस जाने के डर से स्वयं कुआं का पटावन कर रहा हूं,सामग्री उपलब्ध कराने के लिए मैं वेंडर से दो-तीन बार बोला वे बोले कि दो-तीन दिन में हो जाएगा लेकिन नहीं मिल पाया है। लाभुक दामोदर सिंह ने कहा कि 20 दिन पहले ही कुआं की खुदाई पूर्ण हो चुकी है,कुआं में लबालब पानी भी भर चुका है, पटावन हेतु सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कई एक बार रोजगार सेवक और वेंडर को कह चुके हैं लेकिन सिर्फ आश्वासन मिलता है, सामग्री उपलब्ध कराना तो दूर वे कभी निरीक्षण करने के लिए भी नहीं आते हैं। लाभुक नीलांबर सिंह ने बताया कि लगभग एक महीना पूर्व ही कुआं की खुदाई हो चुकी है पर मटेरियल उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण वे पटावन का कार्य नहीं कर पा रहे हैं। सोय पंचायत मुखिया सोमवारी कैथवार ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके पंचायत में अभी तक लगभग 18 कुआं की खुदाई हो चुकी है, कहीं-कहीं अब तक सामग्री उपलब्ध नहीं हो पाई है कुआं के लाभुक मेरे पास बार-बार आकर सामग्री उपलब्ध कराने की गुहार लगाते हैं।



# लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम करें विद्यार्थी : कमलेश्वर मांझी



**संवाददाता। सिमडेगा**

सलडेगा स्थित गोंडवाना छात्रावास में सोमवार को इस वर्ष नामांकित सभी विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह आयोजित किया गया। मौके पर छात्रावास के संस्थापक कमलेश्वर मांझी ने कहा कि जीवन में पाने के लिए त्याग करना पड़ता है। पहला त्याग अपने परिवार और गाँव को त्याग कर किया है। उन्होंने कहा कि एक सफल विद्यार्थी के लिए पांच लक्षण होता है जिसे हमें पूरा करना है। उन्होंने कहा कि सभी छात्र कठिन मेहनत करें, शिक्षकों के मार्गदर्शन में चलें सफलता जरूर मिलेगी। सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर बाल सिंह प्रधान ने कहा कि सफलता का एक कदम छात्रावास आते साथ पूरा कर लिया है। मौके पर शिक्षक रघुनाथ मांझी ने नये विद्यार्थियों को शपथ दिलाया। उन्होंने कहा कि छात्रावास के नियम और उद्देश्य पर आधारित सभी जानकारियां नये विद्यार्थियों को बताया गया। सीनियर विद्यार्थियों ने अपने अनुभवों को नये विद्यार्थियों के साथ साझा किया।

## न्यूज बॉक्स

### जिप उपाध्यक्ष के प्रयास पर कुरडेग बनखेता में लगा ट्रांसफार्मर



**कुरडेग।** प्रखंड के खिंडा बनखेता में एक महीना के बाद जिप उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा के प्रयास से नया ट्रांसफार्मर लगा ।सोमवार को जिप उपाध्यक्ष ने गांव पहूंचकर उद्घाटन किया ।ग्रामीणों ने बताया कि एक महीना पूर्व गांव में लगा ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। बिजली विभाग में सूचना देने के बावजूद भी ट्रांसफार्मर ठीक नहीं किया गया। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिप उपाध्यक्ष से की। जिप उपाध्यक्ष ने तुरन्त पहल करते हुए बिजली विभाग के अफसरों मे बात की और तत्काल ट्रांसफार्मर बदलने की बात कही।

### मैट्रिक की प्रखंड टॉपर को नि:शुल्क कंप्यूटर शिक्षा का मिलेगा लाभ



**जलडेगा।** जलडेगा प्रखंड में कंप्यूटर के क्षेत्र में शिक्षा का अलख जला रहे सरस्वती कंप्यूटर ने सराहनीय पहल करते हुए जलडेगा प्रखंड में मेट्रिक की टॉपर रेशमा कुमारी एवं इंटर की टॉपर बंटी कुमारी को अपने संस्थान में निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा देने का निर्णय लिया है। इस सम्बन्ध में संस्था के निदेशक अलोक कुमार ने दोनों टॉपरों के घर जाकर परिजनों के समक्ष रेशमा एवं बंटी को ऑफर लेटर दिया। उन्होंने परिजनों से कहा कि कंप्यूटर शिक्षा के लिए दोनो छात्राओं से एडमिशन शुल्क, मासिक शुल्क, रजिस्ट्रेशन आदि किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। निदेशक अलोक कुमार ने कहा कि कंप्यूटर शिक्षा हमारे भविष्य की नींव है जिसे हमें मजबूती से निर्माण करना चाहिए क्यूंकि कंप्यूटर शिक्षा आज के दौर में हमें वह पँख देती है जो हमें ऊंचाइयों तक उड़ने की क्षमता प्रदान करता है।

### क्रूसकेला में फिया फाउंडेशन ने पेसा कानून 2006 पर दिया प्रशिक्षण



**पाकरटांड।** प्रखंड के क्रूसकेला पंचायत में रविवार को फिया फाउंडेशन द्वारा पेशा कानून 2006 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें प्रधान, पुजारी, पहान एवं बुद्धिजीवी शामिल हुए।प्रशिक्षण के अध्यक्षता पंचायत मुखिया दामोदर बिंदिया के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में फिया फाउंडेशन के प्रखंड समन्वयक मंतोष कुमार के द्वारा ग्राम सभा के महत्व को समझाया गया सरकार के द्वारा निर्धारित ग्राम सभा की तारीख 26 जनवरी, 1 मई, 15 अगस्त एवं 2 अक्टूबर है।इसके अलावा हमें ग्राम सभा की बैठक प्रत्येक माह की जानी चाहिए। ग्राम सभा के सदस्य संबंधित राजस्व ग्राम के 18 वर्ष से ऊपर एवं चीज का नाम मतदाता सूची में दर्ज है वह सभी ग्राम सभा के सदस्य होंगे।ग्राम सभा में कुल मतदाता के एक तिहाई जिसमें एक तिहाई महिला की उपस्थिति होना अनिवार्य है ! ग्राम सभा की नार्मल बैठक करने के 7 दिन पूर्व सभी ग्राम वासियों को सूचना देना अनिवार्य है, सूचना डुगडुगी बजाकर, चिट्ठी लिखकर, पोस्टर चिपका कर एवं बाजार के दिन हकवा करके किया जा सकता है।

### पेयजल एवं विद्युत समस्या की सूचना पर ग्रामीणों से मिले श्रद्धानंद



**सिमडेगा।** सिमडेगा भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने ग्रामीण क्षेत्र भ्रमण के दौरान पाकर डांड प्रखंड , कैरबेड़ा पंचायत के भुंम्भु गांव पहुंचे एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए।ग्रामीणों ने श्री बेसरा को बताया कि विगत 3 महिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण हम ग्राम वासी अंधेरे में जीवन बसर कर रहे हैं। ग्रामीणों ने जल समस्या के संबंध में बताया कि 85 घरों के गांव में दो जलमिनार है, एक जलमिनार खराब है और दूसरा जलमिनार से 15 घरों में पेयजल सप्लाई चालू है। बाकी घरों में पेयजल की सुविधा नहीं रहने से खेत में बने डाड़ी, डोभा इत्यादि जल स्त्रोतों से गांव के लोग पानी लाकर अपने दैनिक जीवन के उपयोग में लाते हैं।

## शोभायात्रा

### सत्य साईं बाबा के भजन कीर्तन से गुंजायमान रहा सिमडेगा

# गुरु का सानिध्य गर्व की बात : ओमप्रकाश साहु

**संवाददाता। सिमडेगा**

सत्य साइ बाबा की स्वर्ण रथ के साथ शोभायात्रा निकाली गयी। साई भजन मंडली के भजनों का गुणगान करते हुए कतार बंध होकर प्रिंस चौक दुर्गा मंदिर प्रांगण से रथ के आगे आगे भजन मंडली व पुरुषों का जथा जबकि पीछे-पीछे साई भक्तों का महिला जत्था भगवान की शोभा यात्रा प्रिंस चौक से मुख्य सड़क झूलन सिंह चौक, अपर बाजार होते हुए नीचे बाजार पेट्रोल पंप तक गई। जहां से लौट कर नीचे बाजार गुलजार गली महावीर चौक होते हुए पूण प्रिंस चौक पंडाल तक भजन करते शोभायात्रा पहुंची भव्य कार्यक्रम के रूप में साइ बाबा के भक्तों का उत्साह देखने लायक रहा शोभायात्रा में पूर्व नगर परिषद के उपाध्यक्ष सह रामरेखा धाम के सचिव ओमप्रकाश साहू भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा भाजपा नेता दीप नारायण दास रेड क्रॉस के सचिव मोहन सिंह के साथ विशिष्ट लोग भी साथ साथ शोभायात्रा में रहे ।सत्संग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामरेखा धाम के जिला सचिव ओम प्रकाश साहू ने कहा कि पुट्टापर्थी के साइ बाबा के भक्त पूरे विश्व में है। आश्रम से जो गरीब लाचार आवश्यक मंदो की सेवा की जाती है। वे निस्वार्थ सेवा की कायल है उनका पूजन आरती कर रहे हैं यह बड़े ही सौभाग्य की बात है। इसके बागे कॉलेज के प्राचार्य विद्या बंधु शास्त्री ने कहा कि कलयुग में भवसागर से पार करने के लिए भगवान का नाम जाप महत्वपूर्ण माध्यम जैसी आस्था होगी वैसा ही बाबा का आशीर्वाद हमें मिलता है। मौके पर महा आरती में लोगो ने भाग लिया तत्पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में साइं सेवा समिति लालदेव बड़ाइक रंजीत साहू उदयकांत चौधरी नितेश सिंह विजय चौधरी महिला मंडल की ममता देवी, सुनीता देवी, सुलोचनी देवी राधा देवी, वीणा देवी, किरण देवी, मोनिका कुमारी, महिला साई भक्तों का योगदान सराहनीय रहा।




### शहर के कई लोगों ने थामा झापा का दामन

**सिमडेगा।** शहर के गुलजार गली में झारखंड पार्टी की बैठक सह सदस्यता अभियान संपन्न हुई। मौके पर झापा के केन्द्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का, आईरीन एक्का उपस्थित थे। कार्यक्रम में गुलजार गली के कई लोगों ने झापा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगों का पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मनोहर प्रसाद, अवधेश प्रसाद, अरूण प्रसाद, गणेश केशरी, पप्पु चौधरी, मिथेलेश प्रसाद, मनीश केशरी, संजय प्रसाद, रूपेश प्रसाद, मानस, चिंटु वर्मा, मनीश चौधरी, अशोक केशरी, ओलिवर लकड़ा, अभय विश्वकर्मा, अनुप श्रीवास्तव, विष्णु शर्मा, ललन प्रसाद, दीपक प्रसाद, जिया ठाकुर, राजु केशरी, मुकेश प्रसाद, जेपी साह, पप्पु अग्रवाल सहित कई झापा नेता उपस्थित थे।

# बिजली खंभे से टकराई कार, दंपति सहित छोटी बच्ची हुई घायल

**संवाददाता। ठेठईटांगर**

थाना मोड़ के पास सोमवार की दोपहर एक अनियंत्रित कर सड़क किनारे स्थित बिजली के खंभे से टकरा गई। घटना में रांची निवासी सुभाषित निर्मल, उनकी पत्नी रानू निर्मल एवं डेढ़ वर्षीय बेटी रितिशा घायल हो गई। तीनों को 108 एंबुलेंस के सहयोग से रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी पत्नी रानू एवं बच्ची रितिशा को प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर किया गया। घटना में सुभाषित निर्मल को मामुली चोट लगी है। सुभाषित निर्मल अपने कार से सोमवार को रांची से राउरकेला जा रहे थे। इसी क्रम में ठेठईटांगर थाना मोड़ के पास एक ट्रेलर को ओवर टेक करने के क्रम में घटना घटी। इसी क्रम में कार बिजली के खंभे से टकरा गई। जिससे कार का अगला हिस्सा क्षितग्रस्त हो गया और बिजली का खंभा भी गिर गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



